# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, दैनिक जागरण,हिन्दुस्तान,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 18.10.2025

### दो दिन में 5 सितारा होटल का मानचित्र पास

वाराणसी। वीडीए ने सरोवर समूह के प्रीमियम लक्जरी पांच सितारा होटल के मानचित्र को स्वीकृति दी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल शहर के बीच महत्वपूर्ण क्षेत्र में विकसित होगा। सुख संपत रिजॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित सिंह, रुचिर सिंह, प्रिया सिंह, विमला सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रताप सिंह की ओर से चुप्पेपुर, वार्ड-सिकरौल में होटल बनाना जाएगा। इसका नक्शा वीडीए में पेश किया गया। जांच कर दो दिन में नक्शा स्वीकृत किया गया। 1784.73 वर्गमीटर भूमि पर 26.35 मीटर ऊंचाई पर होटल बनेगा। 7 मंजिल होटल में 93 कमरों व 151 वर्गमीटर के रेस्टोरेंट हैं। 50 कार पार्किंग है। परियोजना के उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति में स्वीकृत होने के कारण विकास शुल्क में शत् प्रतिशत छूट दी गई। परियोजना मानचित्र 411673 शुल्क के साथ स्वीकृत हुई। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 18.10.2025

### वीडीए ने पास किया पांच सितारा होटल का नक्शा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को पांच सितारा होटल का मानचित्र स्वीकृत किया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि सरोवर समूह ने पांच सितारा होटल के लिए नक्शा आवेदन किया था। सुख संपत रिज़ार्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित सिंह, रुचिर सिंह, प्रिया सिंह, विमला सिंह, भूपेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह एवं सरोवर होटल ग्रुप के संयुक्त उपक्रम ने सिकरौल वार्ड के चुप्पेपुर में पांच सितारा होटल के लिए आवेदन किया था। प्रपत्रों की जांच करने के बाद मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया है। 1784.73 वर्गमीटर जमीन में बनने वाले होटल की ऊंचाई 26.35 मीटर होगी जो सात मंजिल का होगा। इससे वीडीए को 4,11,673 का राजस्व प्राप्त हुआ है।

## दैनिक जागरण–दि0 18.10.2025

### नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**वाराणसी :** विकास प्राधिकरण एनएचपीसी लिमिटेड के सहयोग से नेट जीरो लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तेजी से करा रहा है। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण स्थल पर रिवर्स डिजिटल टाइमर स्थापित किया गया है। 20,930 वर्ग फुट क्षेत्रफल में निर्माण किया जा रहा है। इसमें 500 लोगों को बैठने की व्यवस्था है जिसमें 35,000 से अधिक पुस्तकें रखीं जा सकेंगी। (जासं)


## दैनिक जागरण–दि0 18.10.2025


### नेट जीरो लाइब्रेरी की टाइमर से निगरानी

**वाराणसी।** नेट जीरो लाइब्रेरी निर्माण की प्रगति डिजिटल टाइमर से की जा सकेगी। वीडीए और कार्यदायी संस्था एनएचपीसी ने अर्दली बाजार स्थित प्रोजेक्ट स्थल पर रिवर्स डिजिटल टाइमर लगाया है। जिसमें दिन, घंटे, मिनट और सेकंड प्रदर्शित हो रहे हैं।

इस कार्य की शुरूआत जुलाई 2025 में हुई थी और जनवरी 2027 में प्रोजेक्ट पूरा करने का लक्ष्य है। इसकी कुल लागत 20 करोड़ है। 20,930 वर्गफुट इसका कुल क्षेत्रफल है। इस लाइब्रेरी में 500 लोग एक समय में बैठ सकेंगे और इसमें 35,000 से अधिक पुस्तकों का संकलन होगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि भवन की डिजाइन किताबों से प्रेरित है और इसमें सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन तथा ऊर्जा दक्ष प्रणालियां शामिल हैं। टाइमर लगाने के पीछे प्रोजेक्ट की प्रगति में पारदर्शिता, समयबद्धता सुनिश्चित करना है। लाइब्रेरी बन जाने से वाराणसी के अलावा आसपास के जिलों के लोगों को भी काफी सहूलियत हो जाएगी। उन्हें यहां से कई जानकारी मिलेगी।